दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।


RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, सोमवार 17 जनवरी 2022 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-04, अंक- 111

## स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग आज से 21 जनवरी, 2022 तक विशिष्ट सप्ताह मनाएगा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग 17 जनवरी से 21 जनवरी, 2022 तक आजादी का अमृत महोत्सव के तहत विशिष्ट सप्ताह मनाएगा

विशिष्ट सप्ताह के हिस्से के रूप में, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग कई कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। इनमें टॉयज एंड गेम्स टू प्ले, मेक एंड लर्न पर दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार, सहोदय स्कूल परिसरों का 27वां राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन और समावेशी शिक्षा पर एक वेबिनार शामिल होंगे।

वर्चुअल और फिजिकल मोड के माध्यम से 17.01.2022 को अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) की साझेदारी से समावेशी शिक्षा पर वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। वेबिनार का विषय विशेष जरूरतों वाले बच्चों पर केंद्रित एड टेक स्टार्ट-अप होगा। इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, प्रधानाचार्य, राज्यों के आईई समन्वयक, माता-पिता तथा अन्य



हितधारक भाग लेंगे। वेबिनार का मुख्य उद्देश्य माता-पिता एवं शिक्षकों को विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए उपलब्ध तकनीक तथा सहायक उपकरणों के बारे में जागरूक करना है।

सीबीएसई 17 और 18 जनवरी, 2022 को सहोदय स्कूल परिसर, ग्वालियर के सहयोग से हाइब्रिड मोड में पुनर्नवा- रिडिस्कवरी ऑफ इंडिया ञ्च75 विषय पर अपने सहोदय स्कूल परिसरों के 27वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगा। एक स्थायी भविष्य की दिशा में सह-निर्माण तथा योगदान में प्रतिभागियों को शामिल करना सम्मेलन का उद्देश्य है। सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के प्रधानाचार्यों एवं प्रबंधन को नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसरण में बोर्ड द्वारा शुरू की गई नई नीतियों और अभिनव तौर-तरीकों को समझने में सक्षम बनाना इसका लक्ष्य है।

बच्चों के ज्ञान संबंधी विकास के लिए 20 और 21 जनवरी, 2022 को दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य खिलौनों की भूमिका को फिर से तलाशना और कम/बिना लागत वाली सामग्री से खिलौने बनाने की कला को बढ़ावा देना है, जो न केवल पर्यावरण के अनुकूल हो, बल्कि बच्चों में रचनात्मक सहयोग और समस्या को सुलझाने के कौशल को जागृत करें। दो-दिवसीय वेबिनार के दौरान, सभी विषयों में स्कूली शिक्षा के सभी चरणों में खिलौनों के विभिन्न पहलुओं और उनके मापन, खिलौनों के शैक्षणिक निहितार्थ, खेल और निर्माण द्वारा शिक्षण के रूप में खिलौने तथा खेल, खिलौना बनाने की जीवंत/स्थानीय परंपरा, स्कूली शिक्षा आदि में खिलौनों एवं खेलों को कौशल पाठ्यक्रम के रूप में डिजाइन करने के लिए पाठ्यक्रम पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

उच्च शिक्षा विभाग भी 10 जनवरी से 17 जनवरी, 2022 तक राष्ट्रीय नवाचार सप्ताह का आयोजन कर रहा है। नवाचार सप्ताह में भारत में नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता फैलाने के लिए की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला गया। विशिष्ट सप्ताह के दौरान, उन्नत भारत के हिस्से के रूप में शैक्षणिक संस्थानों में इनोवेशन इको-सिस्टम का निर्माण, उच्च शिक्षा संस्थानों के साइबर सुरक्षा सशक्तिकरण पर वेबिनार, समुदाय आधारित भागीदारी अनुसंधान (सीबीपीआर) के लिए मास्टर प्रशिक्षकों के रूप में संकाय के क्षमता निर्माण के वर्चुअल लॉन्च पर एक ई-संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

## बीते 24 घंटे में कोरोना के 271202 नए मामले, 314 की मौत



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 2,71,202 नए मामले दर्ज किए गए। देश में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 15 लाख के पार हो चुकी है। इसी के साथ पॉजिटिविटी रेट 4.18 दर्ज किया गया है। ये जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को दी।

बीते 24 घंटे में कोरोना से 314 मौत दर्ज की गई, जिससे देश में मरने वालों की संख्या बढ़कर 4,86,066 हो गई हैं। कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के मामलों में 28.17 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है। देश में अब तक ओमिक्रॉन के कुल 7,743 मामले दर्ज हो चुके हैं। बीते 24 घंटे में 1,48,331 लोगों ने कोरोना वायरस को मात दी है। अब तक कुल 3,50,85,721 लोग कोरोना से ठीक हो चुके हैं। भारत की रिकवरी रेट घटकर 94.51 प्रतिशत हो गई है।

अभी तक 70.24 करोड़ कोरोना टेस्ट किए जा चुके हैं। बीते 24 घंटे में 16,65,404 टेस्ट किए गए हैं। तो वहीं बीते 24 घंटे में लोगों को 66 लाख से ज्यादा वैक्सीन की खुराकें दी गई हैं। अब तक भारत का कोरोना टीकाकरण कवरेज रविवार सुबह तक 156.76 करोड़ तक पहुंच गया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कार की टक्कर से दो पुलिस कांस्टेबल की हुई मौत

**पणजी (आरएनएस)।** दक्षिणी गोवा के सेरौलिम में एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर दो पुलिस कांस्टेबल की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घटना के दौरान दोनों कांस्टेबल नाकाबंदी ड्यूटी पर तैनात थे। मृतकों की पहचान शैलेष गवांकर और विश्वास डेकर के रूप में की गई। दोनों कांस्टेबल गोवा पुलिस के भारतीय रिजर्व बटालियन से थे। उन्होंने बताया कि गवांकर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि डेकर ने गोवा मेडिकल अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

### भारतीय नौसेना ने रूसी नौसेना के साथ पैसेज अभ्यास किया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय नौसेना के स्वदेश में डिजाइन और निर्मित की गई गाइडेड (दिशानिर्देशित) मिसाइल विध्वंसक आईएनएस कोच्चि ने रूस की नौसेना के आरएफएस एडमिरल ट्रिब्यूट्स के साथ14 जनवरी 2022 को अरब सागर में पैसेज अभ्यास (पासेक्स) किया।इस अभ्यास ने दोनों नौसेनाओं के बीच सामंजस्य और आपसी क्रियाशीलता का प्रदर्शन किया। इसमें सामरिक कार्य-नीति, क्रॉस-डेक हेलीकॉप्टर परिचालन और पोत कौशल से संबंधित गतिविधियां शामिल थीं।

### सड़क हादसें में 4 की मौत, 1 गंभीर

**सतना (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के सतना जिलें के अमरपाटन - सतना मार्ग में ग्रांम इटमा के पास धान से लोड ट्रक ओटो के ऊपर पलट जाने से ऑटो में सवार एक ही परिवार के 5 लोग में से 4 की दर्दनाक मौत हो गई है। सभी ताला मुकुंदपुर निवासी बताए जा रहे हैं, इस दौरान तेज रफ्तार ट्रक के चपेट में आ गए । इस हादसे में चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वही एक गंभीर बताया जा रहा है जिसे उपचार के लिए भेजा गया अस्पताल।

### चमोली में भूकंप के झटके हुए महसूस

**चमोली (आरएनएस)।** उत्तराखंड में आज एक बार फिर भूकंप के झटकों से धरती डोली है। चीन से लगते सीमावर्ती इलाके चमोली में भूकंप के झटके महसूस किये गये हैं। आज सुबह 3.35 बजे चमोली जिले में भूकंप का झटके महसूस किए गए थे, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.6 मापी गई। वहीं, भूकंप का केंद्र चमोली के जोशीमठ से पश्चिम की ओर 23 किलोमीटर दूर और सतह से करीब 5 किलोमीटर नीचे था।

### आईआईटी धनबाद के छात्र अभिनव को गूगल ने दिया 56 लाख रुपए का पैकेज

**रांची (आरएनएस)।** झारखण्ड के आईआईटी आईएसएम धनबाद के एक छात्र को गूगल ने 56 लाख रुपए सालाना पे पैकेज ऑफर किया है। डुएल डिग्री कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग का छात्र अभिनव झा को यह ऑफर ऑफ कैंपस में मिला है। यह चालू सत्र में अब तक का दूसरा सर्वाधिक पे पैकेज है। अभिनव को इससे पहले गोल्डमेन सेस से भी जॉब ऑफर मिल चुका है। इससे पहले आईआईटी धनबाद के ही मैथ एंड कंप्यूटिंग के छात्र को ऑफ कैंपस में एक करोड़ रुपए सालाना पैकेज मिला है। आईआईटी आईएसएम के छात्र-छात्राओं को बेहतर पैकेज मिलने पर संस्थान में खुशी का माहौल है। इससे पहले अधिकतम ऑन कैंपस 50 लाख रुपए सालाना छात्रों को मिला है। आईआईटी आईएसएम ने कई कंपनियों ने वर्ष 2022 बैच के छात्र-छात्राओं का कैंपस सेलेक्शन किया है। बार्कले ने एमबीए के एक छात्र का चयन किया है।

### बदला मौसम, बारिश और बर्फ बारी के आसार

**रुद्रप्रयाग (आरएनएस)।** उत्तराखण्ड के रुद्रप्रयाग जिले में रविवार को मौसम ने फिर से करवट बदल ली है। सुबह से ही आसमान में बादल छाने से लोगों को धूप के लिए निराश होना पड़ा। वहीं दोपहर बाद आसमान में घने बादल छा गए। लोगों को अलाव के सहारे ठंड से राहत लेनी पड़ी। बीते दो दिनों की अच्छी धूप के बाद एक बार फिर से जिले में बारिश और बर्फ़बारी के आसार बन गए हैं। केदारनाथ, मद्महेश्वर, तुंगनाथ और चन्द्रशिला की चोटियों में रविवार को भी हल्की बर्फ़बारी हुई।

## दुर्लभ प्रजाति के सांप के साथ मुरादाबाद के पांच लोग गिरफ्तार

**ऋषिकेश (आरएनएस)।** उत्तराखण्ड के ऋषिकेश के रायवाला पुलिस ने दुलर्भ प्रजाति के सांप की तस्करी के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त वाहन कब्जे में लिया है। पुलिस ने बरामद रेड सैंड बोआ सांप की कीमत करोड़ों में आंकी है। आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां सभी को जेल भेज दिया गया है।

रायवाला थाना पुलिस के मुताबिक दुलर्भ प्रजातियों के वन्यजीवों की तस्करी रोकने को लेकर एसएसएपी देहरादून जन्मजेय खंडूड़ी की ओर से थाना पुलिस को निर्देश जारी हुए थे। शनिवार रात को थानाध्यक्ष भुवन चंद्र पुजारी को वन्यजीव की तस्करी की सूचना मिली। जिस पर पुलिस ने क्षेत्र में नाकाबंदी शुरू कर दी। इस बीच पुलिस ने एक कार चेकिंग के लिए रोक दिया। वाहन के भीतर से रेड सैंड बोआ नाम का सांप मिला। उसकी पुष्टि के लिए पुलिस ने मौके वन विभाग की टीम को बुलाया। थानाध्यक्ष पुजारी ने बताया इस दुलर्भ प्रजाति के सांप की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करोड़ों में हैं। सांप को वन विभाग मोतीचूर रेंज के सुपुर्द कर दिया है। वाहन में सवार पांच लोगों की पहचान अनीस पुत्र रफीक निवासी भोजपुर मुरादाबाद, सलीम पुत्र वकील अहमद, सद्दाम पुत्र फैय्याज, जैदी पुत्र जहीर, जोबिन पुत्र अव्वार हुसैन चारों निवासी रानी नागल भोजपुर जिला मुरादाबाद यूपी के रूप में कराई है। सभी पर वन्यजीव अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने सभी को जेल भेजा है। टीम में उपनिरीक्षक ज्योति प्रसाद उनियाल, कुशाल सिंह रावत, कांस्टेबल राजीव कुमार शामिल रहे।

## गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल को लेकर ट्रैफिक एडवाइजरी हुई जारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल से पहले दिल्ली पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की। इसके मुताबिक 17 जनवरी से 21 जनवरी तक सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक राजपथ-रफी मार्ग, राजपथ-जनपथ, राजपथ-मान सिंह रोड और राजपथ-सी-हेक्सागन पर आवाजाही बंद रहेगी। विजय चौक से इंडिया गेट मार्ग भी यातायात के लिए बंद रहेगा।

राजपथ पर गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल की सुविधा के लिए 17, 18, 20 और 21 जनवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच राजपथ-रफी मार्ग, राजपथ-जनपथ, राजपथ-मानसिंह रोड और राजपथ-सी-हेक्सागन पर यातायात प्रतिबंध लगाया जाएगा।

परेड का रूट पिछले साल की तरह छोटा होगा

गृह मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक परेड का रूट पिछले साल की तरह छोटा होगा। मार्चिंग दल लाल किले के बजाय इंडिया गेट सी-हेक्सागोन पर समाप्त होगा। सेंट्रल विस्टा के तहत पुनर्विकास किया गया राजपथ परेड में भाग लेने वाले दल के पूर्वाभ्यास के लिए विजय चौक और इंडिया गेट



के बीच खोला गया है।

बैठने की व्यवस्था को और कम किया जाएगा

देश में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान कोरोना की तीसरी लहर अपने चरम को छूने की रिपोर्ट है। इसका हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा कि बैठने की व्यवस्था को और कम किया जा सकता है, क्योंकि 1 लाख की बैठने की क्षमता के बावजूद परेड में 25,000 आगंतुकों की अनुमति है।

गणतंत्र दिवस का जश्न अब 23 जनवरी से शुरू होगा

सरकार के सूत्रों ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस की जयंती को शामिल करने के लिए गणतंत्र दिवस का जश्न अब 24 जनवरी के बजाय हर साल 23 जनवरी से शुरू होगा। गणतंत्र दिवस भारत में हर साल 26 जनवरी को देश के संविधान के लागू होने के दिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

## सीबीएसई की तैयारी, कोरोना लहर बीतने के बाद बोर्ड परीक्षा की बारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोरोना की तीसरी लहर के बीच कई परीक्षाएं स्थगित और कुछ परीक्षाएं रद्द करनी पड़ी है, लेकिन सीबीएसई बोर्ड और शिक्षा मंत्रालय 10वीं एवं 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं तय समय पर आयोजित करवाने के पक्ष में है। यदि किसी कारणवश परीक्षाएं नहीं ली जा सकीं तो पहले चरण की परीक्षाओं के आधार पर 10वीं एवं 12वीं कक्षा के नतीजों की घोषणा की जाएगी।

हालांकि परीक्षा रद्द होने की संभावना कम है। फिलहाल विशेषज्ञों का मानना यही है कि कोरोना की तीसरी लहर बीत जाने के उपरांत देशभर में लाखों छात्रों के लिए 10वीं एवं 12वीं कक्षा की सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं कक्षा के टर्म 1 की बोर्ड परीक्षा पहले ही




ले चुका है। इस वर्ष मार्च-अप्रैल में बोर्ड के दूसरे चरण की परीक्षा आयोजित की जानी है।

दूसरे चरण की परीक्षा की अवधि 2 घंटे की होगी और इसमें पूछें जाने वाले सभी प्रश्न सब्जेक्टिव टाइप के होंगे। सीबीएसई के अकादमिक निदेशक डॉ. जोसेफ इमैनुएली ने दसवीं और बारहवीं की टर्म 2 परीक्षा के लिए नमूना प्रश्न पत्र जारी किए हैं। इमैनुएली ने सीबीएसई से संबंधित सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य को जानकारी देते हुए बताया कि दूसरे चरण की परीक्षा से संबंधित सैंपल प्रश्न पत्र वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

यही नहीं सीबीआई ने परीक्षाओं के लिए मार्किंग स्कीम भी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की गई हैं। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज पहले ही कह चुके हैं कि यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है कि कोविड के कारण दूसरे चरण की परीक्षाएं नहीं हो पाती है तो फिर पहले चरण की बोर्ड परीक्षाओं में हासिल किए गए नंबर ही अंतिम माने जाएंगे और इन्हीं के आधार पर रिजल्ट तैयार किया जाएगा।

हालांकि यदि ऐसी कोई स्थिति नहीं आती है और दूसरे चरण की परीक्षाएं भी सीबीएसई द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित करा ली गई तो फिर फाइनल रिजल्ट इन दोनों परीक्षाओं के अंक 50 -50 फीसदी के हिसाब से तय किए जाएंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय दोनों ही 15 से 18 वर्ष की आयु के छात्रों के टीकाकरण पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं ताकि परीक्षा में शामिल होने वाले ये छात्र कोरोना से लड़ाई में प्रतिरोधी शक्ति हासिल कर सकें।

सेठ जयपुरिया स्कूल के हेड मास्टर पंकज राठौर ने परीक्षा की तैयारियों और कोरोना की मौजूदा स्थिति को लेकर कहा कि महामारी ने बच्चों को सीखने के हाइब्रिड मोड के लिए अभ्यस्त कर दिया है। स्कूल की आईटी तैयारी हमें मूल्यांकन की पारंपरिक धारणाओं से आगे बढ़ने में मदद करेगी। स्कूलों को स्थिति के साथ बने रहना चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि छात्र प्रीबोर्ड और बोर्ड के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।

## एसटीएफ ने पकड़ी पुराने नोटों की बड़ी खेप

### » पांच सौ और हजार के पुराने नोटों के रूप में मिली साढ़े चार करोड़ रूपए की रकम

**हरिद्वार (आरएनएस)।** उत्तरप्रदेश के हरिद्वार में विधानसभा चुनाव के बीच एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार कर पांच सौ और हजार के पुराने नोटों के रूप में करीब साढ़े चार करोड़ रूपए की रकम बरामद की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी पुरानी करेंसी को बदलकर नए नोट हासिल करने की फिराक में थे। जानकारी के अनुसार एसटीएफको जानकारी मिली थी कि हरिद्वार में कुछ लोग पुराने करेंसी नोटों को बदलने की फिराक में हैं। इस पर एसटीएफ ने कार्रवाई करते हुए हरिद्वार में जाल बिछाया और चंद्राचार्य चौक के समीप एक कालोनी से सात लोगों को पुराने करेंसी नोटों के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में रूपेश निवासी जगजीतपुर, यशवीर सिंह निवासी हरिपुर कला, अरविंद वर्मा निवासी ग्राम काला कुआं अमरोहा कोतवाली अमरोहा, आबिद अली निवासी ग्राम सैदपुर नौगांव सादात अमरोहा, सोमपाल सिंह निवासी रेलवे स्टेशन रोड बिलारी मुरादाबाद, विकास गुप्ता निवासी खेड़ी खुर्द श्यामपुर ऋषिकेश, राजेंद्र निवासी स्टेशन रोड बिलारी जनपद मुरादाबाद शामिल हैं।

## आम आदमी पार्टी ने यूपी में 150 सीटों पर प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की

**» यूपी में सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप, अगली सूची आगे जारी की जाएगी**

**» आप उम्मीदवारों में 8 एमबीए, 38 पोस्ट ग्रेज्युएट, 4 डॉक्टर, 8 पीएचडी, 7 इंजीनियर, 8 बीएड, 39 ग्रेजुएट, 6 डिप्लोमा किये उम्मीदवार, प्रत्याशियों में महिलाओं की संख्या 8**

**लखनऊ (आरएनएस)।** विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। रविवार को आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी और राज्य सभा सदस्य संजय सिंह ने 403 सीटों में से 150 सीटों पर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह के साथ प्रेसवार्ता कर प्रत्याशियों की घोषणा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में बदलाव की नई राजनीति के लिए राजनीति की गंदगी पर झाड़ू चलाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, किसानी को राजनीति के केन्द्र में मुद्दे के रूप में लाने के लिए आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश की सभी 403



सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

संजय सिंह ने कहा कि आप ने अपनी पहली सूची में चुनावी मैदान में अच्छे और सुयोग्य उम्मीदवारों को उतारा है। इनमें शिक्षित, पेशे से डॉक्टर और इंजीनियर उम्मीदवार भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से लगभग 150 सीटों पर प्रत्याशियों का चयन अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में केन्द्र के हमारे नेताओं ने लिया है और उसपर स्वीकृति दी है। जिनमें से आज 403 में 150 प्रत्याशियों की पहली सूची आम आदमी पार्टी की ओर से जारी की जा रही है। और बाकी प्रत्याशियों की सूची भी जल्द जारी की जाएगी। आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी संजय सिंह ने कहा कि 150 उम्मीदवारों में शिक्षित, योग्य और अच्छे उम्मीदवारों का चयन करने का पूरा प्रयास हम लोगों ने किया है। पहली लिस्ट में एमबीए की शिक्षा प्राप्त कर चुके 8 उम्मीदवार हैं। पोस्ट ग्रेज्युएट 38 उम्मीदवार हैं, डॉक्टर 4 उम्मीदवार हैं, पीएचडी 8 उम्मीदवार हैं, इंजीनियर 7 उम्मीदवार हैं, बीएड 8 उम्मीदवार हैं, ग्रेजुएट 39 उम्मीदवार हैं डिप्लोमा 6 उम्मीदवार हैं यानी उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी की पहली सूची अच्छे और सुयोग्य उम्मीदवारों की सूची हम जारी कर रहे हैं जिसमें तमाम डिग्रियां हासिल कर चुके लोग चुनाव के मैदान में उतरेंगे। पहली सूची में आठ महिलाओं को टिकट दिया गया है।

**लखनऊ की 07 विधानसभा सीटों पर 'आप' ने घोषित किये प्रत्याशियों के नाम**- यूपी की राजधानी लखनऊ की सभी सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई हैं। लखनऊ मध्य से नदीम अशरफ जायसी, लखनऊ पूरब से आलोक सिंह, लखनऊ उत्तर विधानसभा से अमित श्रीवास्तव त्यागी, लखनऊ पश्चिम विधानसभा से राजीव बकशी, मोहनलालगंज से सूरज कुमार और सरोजनीनगर से रोहित श्रीवास्तव को चुनाव मैदान में उतारा है।

**नोयडा से पंकज अवाना और सिराथू से विष्णु कुमार जायसवाल देंगे दिग्गजों को मजबूत टक्कर**- आदमी पार्टी ने भाजपा के वर्तमान विधायक पंकज सिंह के खिलाफ नोयडा से पंकज अवाना को चुनाव लड़ा रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सिराथू से आम आदमी पार्टी ने विष्णु कुमार जायसवाल को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। शाहजहांपुर में सुरेश खन्ना के खिलाफ राजीव यादव को खड़ा किया है। शामली के थाना भवन से अरविंद देशवाल को उम्मीदवार बनाया है।